ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 12-10-2021

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-10-12 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-10-13	2021-10-14	2021-10-15	2021-10-16	2021-10-17
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	36.0	36.0	36.0	35.0	35.0
न्यूनतम तापमान(से.)	24.0	24.0	24.0	25.0	25.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	32	21	18	16	23
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	14	9	8	7	7
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	6.0	5.0	7.0	5.0
पवन दिशा (डिग्री)	177	180	171	116	124
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	0	0	0	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों तक मौसम साफ रहने की सम्भावना है। अधिकतम तापमान 35.0 से 36.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 24.0 से 25.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना।

सामान्य सलाहकार:

सौफ की आर.एफ-125, आर.एफ-143, आर.एफ-101 उन्नत किस्मों की बुवाई करें। बीज दर 8-10 किलो प्रति हैक्टेयर रखें। 30 किलो नत्रजन व 40 किलो फास्फोरस प्रति हैक्टेयर की दर से अन्तिम जुताई के समय दें।

लघु संदेश सलाहकार:

चने, सरसों की बुवाई हेतु खाद, बीज तथा बीज उपचार हेतू रसायन की व्यवस्था करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चना	चने की बुवाई के लिए उन्नत किस्मों के बीज व खाद की व्यवस्था करें। सी-235, आर.एस.जी-44, आर.एस.जी-888, आर.एस.जी-896, जी.एन.जी-1488, आर.एस.जी-974, जी.एन.जी-1958 व जी.एन.जी-663, चने की उन्नत किस्में है। फसल को जड़ गलन रोग से बचाने के लिए बीज को कार्बेण्डेजिम 2 ग्राम प्रति किलो बीज की दर से उपचारित करें।

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
सरसों	किसान भाई सरसों / राया की बुवाई के लिए बीज व खाद की व्यवस्था करें। पूसा सरसों-25, पूसा सरसों-26, पूसा सरसों-27, एन.आर.सी.एच.बी-101, सी.एच-52, टी-59, आर.एच-30, बायो-902, जी.एम-2 व आर.एच-819 उन्नत किस्में है।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
प्याज	प्याज की पौध तैयार करने के लिए क्यारियां तैयार करें। पूसा रेड, नासिक रेड, आर.ओ-252, हिसार प्याज-3, उदयपुर -102, पूसा व्हाइट फलेट व अकोला सफेद प्याज की उन्नत किस्में है। एक हैक्टेयर फसल लगाने के लिए 10 किलो बीज पर्याप्त होता है।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	पशुओं को थनेला रोग से बचाने के लिए दूध निकालने की पूर्ण हस्त विधि का उपयोग करें।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	चारे वाली फसलें जैसे रिजका, बरसीम व जई की बुवाई के लिए खेत तैयार करें। जावी-8, ओ.एल-9, ओ.एल-529 व केन्ट, डी.एफ.ओ-57 जई की उन्नत किस्में हैं। आन्नद-2, एल.एल.सी-3, टाईप-9 व सिरसा-8 रिजका की उन्नत किस्में है। मसकावी व वरदान बरसीम की उन्नत किस्में है।